# विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

## विज्ञापन सं0–02/2022 के संबंध में आवश्यक सूचना

कार्यालय परिचारी के पद पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0–02/2022 के आलोक में ऑनलाईन आवेदन दिनांक–23.09.2022 से 31.10.2022 तक प्राप्त किया गया। विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अंकित त्रुटियों के परिमार्जन हेतु आवश्यक दस दिनों का समय दिये जाने का निर्णय लिया गया है। तदालोक में त्रुटियों के परिमार्जन हेतु आवेदकों को दिनांक–28.11.2022 से 07.12.2022 तक का समय दिया जाता है।

ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वैसे अभ्यर्थी, जिन्होंने ऑनलाईन आवेदन भरने में किसी प्रकार की त्रुटि/भूल की है, वे त्रुटि परिमार्जन/भूल सुधार हेतु विभागीय वेबसाईट– https://dst.bihar.gov.in अथवा https://state.bihar.gov.in/dst पर उपलब्ध लिंक द्वारा ऑनलाईन आवेदन में निम्न प्रकार सुधार कर सकते हैं–

1. अभ्यर्थी, वेबसाईट– https://dst.bihar.gov.in पर उपलब्ध लिंक **Click here to apply online** पर Click कर Login करेंगे। वेबसाईट का लिंक विभागीय वेबसाईट - https://state.bihar.gov.in/dst पर भी उपलब्ध है। त्रुटियों के परिमार्जन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या के निराकरण हेतु तकनीकी हेल्पलाईन ई–मेल आई0 डी0– **dstonline@bihar.gov.in** पर ई–मेल किया जा सकता है।
2. अभ्यर्थी का ई–मेल आई0 डी0, मोबाईल नं0, आधार नं0 में सुधार संभव नहीं होगा।
3. उपर्युक्त कंडिका–2 के अलावे शेष विवरण में सुधार हेतु अभ्यर्थी वही User ID एवं Password का प्रयोग कर Login करेंगे, जो उन्हें आवेदन भरने के क्रम में प्राप्त हुआ है।
4. अभ्यर्थी को जिस Section में सुधार की आवश्यकता है, वे केवल उस Section पर Click कर संबंधित त्रुटियों में सुधार करने हेतु आवश्यक प्रविष्टि करेंगे एवं Update Button पर Click करेंगे। तदोपरांत संबंधित अभ्यर्थी के पंजीकृत मोबाईल नं0 पर एक OTP प्राप्त होगा। प्राप्त OTP को दर्ज करने के उपरांत ही सुधार संभव हो सकेगा। OTP दर्ज नहीं करने की स्थिति में पूर्व में समर्पित आवेदन ही सही माना जायेगा।
5. आवेदन–पत्र सुधार करने के उपरांत अभ्यर्थी, त्रुटिरहित नये आवेदन–पत्र (फोटो सहित) की Print (मुद्रित) प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। आवेदन–पत्र की डुप्लीकेट/द्वितीयक प्रति विभाग द्वारा अलग से निर्गत नहीं किया जायेगा।

**नोट**– त्रुटि परिमार्जन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन–पत्र को ***Print*** (मुद्रित) किया जा सकता है। ऑनलाईन सुधारे हुए आवेदन–पत्र की ***Print*** (मुद्रित) प्रति को विभाग में भेजने की आवश्यकता नहीं है।

6. प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में ऐसा पाया गया है कि कतिपय आवेदक ऐसे हैं जिन्होंने विभागान्तर्गत विश्व बैंक पोलिटेकनिक शिक्षा सुदृढ़ीकरण परियोजना में कार्य नहीं किया है, लेकिन प्रावधानित वेटेज का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने आवेदन में गलत Data अंकित कर दिया है। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा फोटो/हस्ताक्षर की Corrupted File Upload की गई हैं। चयन सूची को प्रभावित करने हेतु कतिपय आवेदकों द्वारा अन्य त्रुटियाँ की गई होंगी, इस प्रकार अन्य परिस्थितयाँ भी संभावित है। अतः संबंधित आवेदक संबंधित त्रुटियों का सुधार अवश्य कर लेंगे, अन्यथा मामला संज्ञान में आने पर संबंधित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।
7. त्रुटि परिमार्जन/भूल सुधार हेतु केवल वहीं आवेदक पात्र होंगे जिन्होंने प्रकाशित विज्ञापन सं0–02/2022 की अंतिम तिथि–31.10.2022 तक आवेदन Finalize कर दिया था अर्थात् जिनका आवेदन पूर्णरूपेण समर्पित हो चुका है।
8. इस विज्ञापन से संबंधित सूचनाएँ विभाग के वेबसाईट- https://state.bihar.gov.in/dst पर प्रकाशित की जाएंगी। अभ्यर्थी विभागीय बेवसाईट का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।
9. किसी प्रकार के नए रजिस्ट्रेशन/आवेदन भरा जाना संभव नहीं होगा, मात्र पूर्व में पूर्णरूपेण समर्पित आवेदन में सुधार किया जा सकेगा।
10. जिन आवेदकों को किसी सुधार की आवश्यकता नहीं है, अथवा वह आश्वस्त हैं कि उनके आवेदन में कोई त्रुटि नहीं है, उनका पूर्व का पूर्णरूपेण समर्पित आवेदन यथावत् मान्य रहेगा।

**अंतिम तिथि–**

ऑनलाईन त्रुटि परिमार्जन/भूल सुधार, दिनांक–28.11.2022 को समय–12:00 बजे पूर्वा0 (रात्रि) से दिनांक–07.12.2022 को समय–11:59 बजे अप0 (रात्रि) तक ही किया जा सकेगा। इस संबंध में अन्य किसी माध्यम से भेजे गये आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं उनपर कोई निर्णय नहीं लिया जायेगा।

**(वैभव चौधरी)**
**निदेशक**

PR- 10972 (Sci. & Tech.) 2022-23

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**